समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# पाकिस्तान को एक और बड़ा झटका! BLA के IED हमले मे 12 पाकिस्तानी सैनिक ढेर।

Publisher

Published on 08 May 2025



## बलूच लिबरेशन आर्मी ने पाकिस्तान के मच कुंड इलाके मे IED हमला कर 12 पाक सैनिकों को मार गिराया. वहीं भारत के ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान पहले ही दहशत मे है.

पाकिस्तान के बलूचिस्तान स्थित बोलन जिले के मच कुंड क्षेत्र में 7 मई 2025 कोबलूच लिबरेशन आर्मी (BLA) के हाथों करारा झटका लगा. BLA की स्पेशल टैक्टिकल ऑपरेशंस स्क्वाड (STOS) ने पाकिस्तानी सेना के गश्ती वाहन पर रिमोट-कंट्रोल IED के ज़रिए हमला किया. इस शक्तिशाली विस्फोट में सैन्य वाहन पूरी तरह से नष्ट हो गया और 12 पाकिस्तानी सैनिक मौके पर ही मारे गए. यह हमला ऐसे समय पर हुआ जब पाकिस्तान पहले से ही भारत की ओर से किए गए ‘ऑपरेशन सिंदूर’ के कारण सदमे में है.

बलूच लिबरेशन आर्मी ने हमले की जिम्मेदारी ली है और इसे “स्वतंत्र बलूचिस्तान” आंदोलन का हिस्सा बताया है. BLA लंबे समय से बलूच क्षेत्र की स्वतंत्रता की मांग कर रही है. पाकिस्तान सरकार पर शोषण और सैन्य दमन के गंभीर आरोप लगाती रही है. शोरकंद क्षेत्र में यह हमला पाकिस्तानी सेना की नियमित गश्त के दौरान हुआ. BLA के मुताबिक, यह हमला “पाकिस्तानी सैन्य अत्याचारों” के खिलाफ एक सुनियोजित तरीके से किया गया अटैक था.

भारत ने ऑपरेशन सिंदूर में तबाह किए 9 आतंकी ठिकाने
BLA के हमले से ठीक एक दिन पहले, भारत ने 6-7 मई की आधी रात को ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च किया, जिसमें पाकिस्तान और पीओके के 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाकर मिसाइल अटैक किया गया. इस हमले में भारतीय सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार 70 से अधिक आतंकियों की मौत हुई है, जबकि पाकिस्तान केवल 26 आतंकियों की मौत स्वीकार कर रहा है. भारत की ओर से यह कार्रवाई पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में की गई थी.

पाकिस्तान को दो मोर्चों पर झटका

इस समय पाकिस्तान को दो मोर्चों पर बड़ा नुकसान हुआ है. पहला ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान की सैन्य और खुफिया तंत्र की पोल खोल दी है. भारत ने मिसाइलों से हमला कर पाकिस्तान की सीमा पार आतंकी गतिविधियों पर निर्णायक प्रहार किया. दूसरा बलूच लिबरेशन आर्मी जैसे संगठनों ने पाकिस्तान की आंतरिक स्थिरता को चुनौती दे दी है. लगातार हो रहे IED हमले और सैन्य बलों की हत्याएं इस बात का प्रमाण हैं कि बलूचिस्तान में स्थिति नियंत्रण से बाहर हो रही है.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.